<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- बकरीद पर सड़कों पर न पढ़ी जाए नमाज। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिये निर्देश।
- मेडिकल प्रवेश परीक्षा, नीट में एक हजार पांच सौ तिरसठ अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक देने का फैसला रद्द। तेइस जून को इन अभ्यर्थियों की दोबारा होगी परीक्षा। प्रवेश कॉउंसलिंग पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार।
- कुवैत में बुधवार को हुए अग्नि हादसे में जान गवाने वाले भारतीयों में तीन यूपी के। भारतीय वायु सेना के विमान से आज स्वदेश लाये जाएगें मृतकों के शव।
- तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा अट्ठारह जून को। तैयारियों का जायजा लेने आज शाम वाराणसी पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्व–त्योहारों को देखते हुए मजबूत कानून व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में कल शाम लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी सोलह जून को गंगा दशहरा, सत्रह जून को बकरीद, अट्ठारह जून को ज्येष्ठ माह का मंगल का पर्व है और इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन है। जबकि जुलाई माह में मोहर्रम् और कावंड यात्रा जैसे पवित्र कार्यक्रम होने हैं। ऐसे में शासन प्रशासन को अनवरत एक्टीवमोड में रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों में आस्था का पूरा सम्मान हो लेकिन किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन नही देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि बकरीद पर कहीं भी सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए और कुर्बानी भी तय स्थल पर हो। ऐसी कोई घटना न हो जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों। उन्होंने कल से बाईस जून तक सभी जिलों में विशेष स्वछता अभियान चलाने के निर्देश भी दिये। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्युत कटौती पर रोक लगाने का निर्देश देने के साथ ही कहा कि अधिकारीगण सीयूजी नम्बर पर आने वाली हर कॉल का जवाब जरूर दें।

**********

केंद्र सरकार ने कल सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि एक हजार पांच सौ 63 नीट छात्रों को एमबीबीएस, बीडीएस तथा अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए अतिरिक्त अंक देने का फैसला रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ को केंद्र तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक मिले थे, उनके पास 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प रहेगा। एजेन्सी ने कहा कि पहले से घोषित काउंसलिंग कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि दोबारा होने वाली परीक्षा के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कल इस बात को दोहराया कि वह नीट–यूजी 2024 प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा।

उधर, सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता–प्रवेश परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला है। नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में है और परीक्षा के संबंध में शिक्षाविदों की एक समिति भी बनाई गई है।

***आपको स्पष्ट करूं दियर इज नो करप्शन, पेसिफिक घटनाएं जो आएं हैं उसको सरकार गंभीरता से लिया है। जो घटना हमारे सामने आई निश्चित रूप में दोषियों को उसमें दंड दिया जाएगा। लेकिन मैं विद्यार्थियों को मुख्य तौर पर अभिभावकों को आश्वस्त करना चाहूंगा, भारत सरकार और उसकी इन्स्ट्रूमेंट एनटीए कमिटेड है बच्चों को ट्रांसपेरेंट तरीका से न्याय देने के लिए। पेपर लीक की घटना के कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है।***

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत संगठित अपराध पर नकेल कसना संभव होगा। नये कानून में संगठित अपराध से निपटने के लिये एक समर्पित धारा का प्रावधान है। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 संगठित अपराध को परिभाषित करती है, जिसमें अपहरण, डकैती, साइबर अपराध और कई अन्य अपराधों को लक्षित किया जाता है। जो अपराध या तो स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं थे या पिछले कानून में मौजूद नहीं थे, उन्हें एक अलग धारा 112 छोटे संगठित अपराध के रूप में रखा गया है, जो स्पष्ट रूप से इसे स्नैचिंग, शॉपलिफ्टिंग, सट्टेबाजी या जुआ और परीक्षा पत्र बेचने जैसे अपराधों में परिभाषित करता है। व्यक्तिगत रूप से या संगठित अपराध सिंडिकेट द्वारा हिंसा, धमकी या जबरदस्ती का उपयोग करके की गई गतिविधियां अब दंडनीय हैं।

आर्थिक अपराधों में अब आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, हवाला लेनदेन, सामूहिक विपणन धोखाधड़ी और व्यक्तियों या बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों को धोखा देने की योजनाएं जैसे अपराध भी शामिल किये गये हैं। अगर अपराध के कारण जीवन की हानि होती है, तो अपराधी

को या तो मृत्युदंड या आजीवन कारावास का सामना करना पड़ेगा। साथ ही कम से कम 10 लाख रुपये का अनिवार्य जुर्माना भी लगाया जायेगा।

इसके अतिरिक्त, संगठित अपराधों में सहायता करने वाले व्यक्तियों के लिये उचित दंड के प्रावधान मौजूद हैं। इसके अलावा घोषित अपराधियों को उनकी सम्पत्ति जब्त करके दंडित किया जायेगा। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अदालत को घोषित अपराधियों की अनुपस्थिति में मुकदमा चलाने की अनुमति देती है।

**********

कुवैत के मंगाफ शहर में बीते बुद्धवार की सुबह एक बहुमंजिली इमारत में लगी भीषण आग में मृत बयालिस भारतीों में से तीन की पहचान यूपी के नागरिकों के रूप में हुई है। इसकी जानकारी सामने आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी विदेश मंत्रालय और कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में बने हुए हैं। अबतक मिली जानकारी के अनुसार मृतकों में प्रदेश के गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके के भम्मौर गांव के निवासी जयराम गुप्ता, गोरखनाथ इलाके के जटेपुर उत्तरी निवासी अंगद गुप्ता और वाराणसी निवासी प्रवीण माधव सिंह शामिल हैं। उधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत में मौजूद हैं कल उन्होंने हादसे में घायल भारतीय लोगों से मुलाकात की। मृतकों के शव को आज भारतीय वायु सेना के विमान से देश लाया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुर्जा और बुलंदशहर विकास प्राधिकरण को मिलाकर एक नया प्राधिकरण गठित करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि सभी नगरों के ग्रीन बेल्ट में किसी भी दशा में नई कालोनी न बसने पाये। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश कल खुर्जा, बुलंदशहर और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की महायोजना का अवलोकन करने के बाद दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के अनुरोध को स्वीकार करते हुए मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले को पीने के पानी की सप्लाई का आदेश अधिकारियों को दिया है। टीकमगढ़ में उत्पन्न जल संकट को दूर करने के लिए उन्होंने कल जमरार बांध से जलापूर्ति करने का आदेश दे दिया है।

**********

लखनऊ के अकबर नगर में चल रहा एलडीए का ध्वस्तीकरण अभियान अपने चौथे चरण में है। इस अभियान में अब तक तीन सौ से ज्यादा अवैध मकान और कमर्शियल कॉम्पलेक्स को ध्वस्त किया जा चुका है। इस बारे में डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने बताया कि स्थानीय लोग अपने घर खाली कर सहयोग कर रहे हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सात सौ पुलिसकर्मी, पीएसी, एसडीआरएफ की एक यूनिट और दमकल की गाड़ियां तैनात की गई हैं। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी की जा रही है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी दौरा अट्ठारह जून को प्रस्तावित है। इस दौरे के दौरान श्री मोदी अपने संसदीय क्षेत्र से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त भी जारी करेंगें। सत्रहवीं किस्त में देश के नौ दशमलव तीन करोड़ किसानों के बैंक खातों में करीब बीस हजार करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इसके लिए राजा तालाब के मेंहदीगंज में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज शाम वाराणसी पहुचेंगे। वह प्रधानमंत्री के प्रस्तवित कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के साथ अबतक हुई तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे।

**********

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स गोरखपुर कल ओपीडी भवन की दूसरी मंजिल पर आईपीडी क्लिनिक, बायो केमिस्ट्री लैब का शुभारंभ एम्स के कार्यकारी निदेशक जीके पाल ने किया। उन्होंने बताया कि इस लैब के शुरू हो जाने से रोगियों को अब प्रतिदिन चौबीस घंटे जांच की सुविधा मिलेगी।

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज से तीन दिनों के लिये लू का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चल सकती हैं। बीते 24 घंटों में कई जनपदों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। सबसे अधिक 47 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान कानपुर में रिकॉर्ड किया गया। भीषण लू के चलते रात के समय में भी तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं हो रही है।

**********